हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार, 12 अप्रैल 2025



# नई रेल लाइन के लिए अधिग्रहण शुरू, आठ गांव की जमीन खरीदी पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

परमालकसा से नया रायपुर होते हुए खरसिया तक प्रस्तावित नई रेल लाइन के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। भू-अर्जन की प्रक्रिया के पहले भूमि के बटांकन और छोटे टुकड़ों में अंतरण की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर आठ गांव की भूमि के अंतरण, बटांकन, व्यपवर्तन और भूमि के खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय रेल मंत्रालय ने परमालकसा से नया रायपुर होते हुए खरसिया तक नई रेल लाइन पर अपनी हरी झंडी दिखा दी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर ने जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की है। जिसके पहले चरण में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने नई लाइन के लिए भूमि अधिग्रहित करने की प्रक्रिया तक आठ गांव की जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक लगाई है। प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि भू-अर्जन प्रक्रिया के पहले भूमि का बटांकन, छोटे टुकड़ों में अंतरण एवं प्रयोजन में परिवर्तन के कारण इसकी लागत में अप्रत्याशित वृद्धि हो जाती है। जमीन दलाल और भू-माफियाओं द्वारा लाभ अर्जित किया जाता है। यही कारण है कि भूमि अर्जन प्रक्रिया के पहले प्रशासन ने यह आदेश जारी किया है। नई रेल लाइन को हरी झंडी मिलने के साथ ही पिछले कुछ दिनों से शहर के भू-माफिया प्रस्तावित रेल लाइन के समीप के गांवों में लगातार खरीदी-बिक्री में जुट गए थे। यही कारण है कि प्रशासन द्वारा प्रतिबंध का आदेश जारी किए जाने से जमीन दलालों और भू-माफियाओं में खलबली मच गई है।

## आदेश के बाद जमीन दलालों और भू-माफियाओं में मची खलबली

### लागत बढ़ने से छिनी थी सौगात

भारतमाला परियोजना के तहत प्रस्तावित हैदराबाद हाईवे को लेकर जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया में लापरवाही बरतने के कारण जिले से यह सौगात छीन ली गई थी। केंद्र सरकार ने यह माना था कि भू-अर्जन के पहले इस प्रस्तावित हाईवे में आने वाले गांवों में जमीन दलालों ने जमकर टुकड़ों में रजिस्ट्री कराई थी। यही कारण है कि लागत के बढ़ने के कारण केंद्र सरकार ने इस हाईवे के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया था।



### इन गांवों में लगी रोक

प्रशासन द्वारा जारी किए गए आदेश में टेडेसरा, इंदावानी, फरहद, बैगोटोला, ककरेल, महुआभाठा, परमालकसा तथा तुमड़ीलेवा गांव की जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक लगाई गई है। इन गांवों में भू-अर्जन की प्रक्रिया के होने तक भूमि के अंतरण, बटांकन, व्यपर्तन पर भी रोक रहेगी।

**आदेश जारी**

परमालकसा-नया रायपुर-खरसिया रेल लाइन के लिए भू-अर्जन की प्रक्रिया शुरू की जानी है। इसके लिए आठ गांव की जमीन खरीदी-बिक्री पर रोक लगा दी गई है। - **संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

## खबर संक्षेप

### हेल्फ लाइन नंबर जारी करने सौंपा ज्ञापन



**राजनांदगांव।** निजी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं एवं उनके पालक द्वारा स्कूलों की मनमानी के खिलाफ शिकायत के लिए एक हेल्फ लाइन नंबर जारी करने की मांग एमआईसी सदस्य आलोक श्रोती ने की है। जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर श्री श्रोती ने कहा कि निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा फीस वृद्धि, प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबों की खरीदी को लेकर दबाव बनाना सहित तय दुकान से ड्रेस खरीदने की लगातार शिकायत आ रही है। इन शिकायत को सीधे प्रशासन तक पहुंचाने में कई तरह की दिक्कतें आ रही है। ऐसे में पालकहित में एक हेल्प लाइन नंबर जल्द से जल्द जारी करने की मांग उन्होंने की है। उन्होंने यह भी निवेदन किया कि शिकायत करने वाले पालकों का नाम गोपनीय रखा जाए एवं शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाए।

### वक्फ बिल वापस लेने समाज ने सौंपा ज्ञापन



**राजनांदगांव।** वक्फ बिल संशोधन कानून को मुसलमानों के खिलाफ बताते शहर के गौरीनगर मुस्लिम समाज के लोगों ने आज जिला कार्यालय पहुंचकर इस बिल को वापस लेने की मांग करते ज्ञापन सौंपा है। वक्फ संपत्तियों के बंदरबांट को रोकने के लिए केंद्र सरकार द्वारा वक्फ संशोधन बिल लाया गया है। इस बिल के माध्यम से मुसलमानों के उत्थान की बात कही गई है। वहीं इस वक्फ बिल के खिलाफ इस बिल को मुस्लिमों के हित में नहीं बताते हुए गौरीनगर मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध जताते ज्ञापन सौंपा है। गौरीनगर नूरी मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष सहित समाज के अन्य लोगों ने कहा कि समाज के लिए दान की गई जमीन सरकार छीन रही है। यह गलत बिल लाया गया है। जबकि दूसरे धर्मों में भी दान की जमीनों पर धार्मिक स्थल बने हुए। इस बिल के खिलाफ समाज के लोगों ने कानूनी लड़ाई लड़ने की बात भी कही है। वहीं बिल वापस नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

### दूसरे चरण के तहत अब आवेदनों का किया जाएगा निराकरण

# सुशासन तिहार के 4 दिनों में आए सवा लाख आवेदन, पानी-बिजली, सड़क की मांग सर्वाधिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सरकार के निर्देश पर सभी जिलों में आठ अप्रैल से सुशासन तिहार आयोजित किया गया है। इस तिहार के तहत लोगों से मांगों एवं शिकायत के आवेदन मंगाए गए हैं। चार दिवसीय इस अयोजन में राजनांदगांव जिलेभर में 1 लाख 22 हजार 261 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें बिजली, पानी, सड़क जैसी समस्याओं के साथ ही भ्रष्टाचार, काम रूका होने के साथ ही प्रशासनिक अफसरों की शिकायत के आवेदन भी शामिल हैं। राज्य और जिला स्तर पर निराकरण की स्थिति और गुणवत्ता की समीक्षा भी की जाएगी।

जिले के चार ब्लॉक में सर्वाधिक आवेदन राजनांदगांव ब्लॉक से प्राप्त हुए हैं। वहीं शहरी लोगों के मुकाबले ग्रामीणों ने अधिक जागरूकता दिखाई और शहर के मुकाबले कई गुना अधिक आवेदन भी जमा किए। प्रशासन अब इन आवेदनों की जांच कर इसका समाधान करने का काम करेगा। बताया गया कि अगले महीने मई में 5 से 31 मई तक इन समस्या एवं शिकायतों का समाधान करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। हालांकि आवेदन के अलावा बड़ी संख्या में मौखिक रूप से भी शिकायतें प्रशासन को प्राप्त हुई है। इनमें ग्रामीण इलाकों में सर्वाधिक शिकायत शराब की अवैध बिक्री को लेकर मिली है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करने की दृष्टिकोण से इस सुशासन तिहार की शुरूआत की है।

**खास बातें**

- 5 मई से 31 मई के बीच जिले के गांवों में लगेगा समाधान शिविर
- सभी शिकायतों का प्राथमिकता के साथ किया जाएगा निवारण



### वार्ड स्तर पर मिली सुविधा, तीसरे चरण में समाधान शिविर

सुशासन तिहार में वार्ड स्तर पर लगे शिविरों में पहुंचकर लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दिया। वार्ड स्तर पर शिविर लगने से लोगों को काफी सुविधा मिली। इस शिविर में लोगों ने पहुंचकर अपने वार्ड की समस्या, पानी, बिजली, अतिक्रमण, राशन कार्ड, समाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, सहित विभिन्न योजनाओं और समस्याओं को लेकर अवेदन किया है। 8 अप्रैल से 11 अप्रेल तक सुशासन तिहार का पहला चरण पूर्ण होने के बाद अब दूसरे चरण में एक माह के भीतर आवेदन पत्रों का निराकरण होगा। वहीं तीसरे चरण में समाधान शिविर का आयोजन होगा।

### पांच निकायों में मिले 11860 आवेदन

जिले के पांच शहरी निकायों में भी सुशासन तिहार का आयोजन किया गया था। हालांकि ग्रामीण इलाकों के मुकाबले शहरी क्षेत्रो में शिकायतें एवं मांग के आवेदन कम आए है, लेकिन फिर भी जिले के पांच निकायों में 11 अप्रैल तक की स्थिति में करीबन 11 हजार 860 आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें राजनांदगांव ननि में 5551, डोंगरगांव नपं में 2148 डोंगरगढ़ नपा में 3019, छुरिया नपं में 399, लाल बहादुर नगर 536 और घुमका नपं में 307 आवेदन शामिल है। निकायों में 1188 शिकायतें व 10672 मांग के आवेदन आए।

### कर्मचारियों की ड्यूटी, समाधान पेटी रखी

जनसमान्य की समस्याओं से संबंधित आवेदनों को भरने के लिए ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देने में किसी भी तरह की परेशानी न हो। ऑनलाइन आवेदन पोर्टल एवं कॉमन सर्विस सेंटर के जरिये भी आवेदन प्राप्त किए जाने की व्यवस्था हुई। आवेदन प्राप्त करने समाधान पेटी रखी गई, जहां लोग अपनी समस्याओं के संबंध में आवेदन डाले हैं।

### तीन चरण में तिहार का आयोजन

यह तिहार तीन चरणों में हो रहा है। इसकी शुरूआत 8 अप्रैल से हुई है। इसमें आवेदन लिए जाने का अंतिम दिन शुक्रवार 11 अप्रैल को रहा। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में प्रत्येक जिले की 8 से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य समाधान शिविर आयोजित होंगे। शिविरों में आमजन को उनके आवेदन की स्थिति से अवगत कराया जाएगा तथा यथासंभव आवेदन का त्वरित निराकरण भी वहीं किया जाएगा। शेष समस्याओं का निराकरण एक माह के भीतर कर सूचना दी जाएगी।

### अभियान के तहत कार्रवाई

## 107 प्रकरणों में 51 हजार जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस ने इन दिनों यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई अभियान छेड़ा है। जिसके तहत 10 अप्रैल को शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में की गई चेकिंग के दौरान 107 प्रकरणों में जुर्माना वसूला गया। एसपी मोहित गर्ग के निर्देशन पर जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाए रखने और सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग कर शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करें तथा कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाए रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### नियमों पालन करने किया जागरूक

जिसके तहत थाना बसंतपुर, गैंदाटोला, छुरिया, घुमका, डोंगरगढ़, बोरतलाव, ओपी चिखली, चिचोला एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा 10 अप्रैल को आने-जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व व्यक्ति की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कुल 107 प्रकरणों में 51,600 रुपए समंस शुल्क कर यातायात नियमों का पालन करने हेतु लोगों को जागरूक भी किया गया।

# वाहन चालक के परिजन पहुंचे थाना, व्यापारी के खिलाफ मारपीट करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के आलू-प्याज के थोक व्यापारी आवतराम-अशोक कुमार फर्म के सामने मिनीडोर माल वाहक खड़ी करने को लेकर मारपीट करने का मामला सामने आया था। व्यापारियों ने वाहन चालक पर मारपीट करने का आरोप लगाया। वही आज वाहन चालक लीलाधर साहू के परिजनों ने कोतवाली थाना पहुंचकर व्यापारी द्वारा गाली-गलौज कर पहले मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। वहीं इस मामले में निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की है।

दुकान के सामने माल वाहन खड़ी करने से मना करने पर व्यापारी करण तेजवानी पर हमले का आरोप लगाते चेंबर ऑफ कॉमर्स ने आरोपी ड्राईवर और उसके साथियों पर कार्रवाई की मांग की थी। वहीं आज वाहन चालक के परिजनों ने थाना पहुंचकर व्यापारी के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज करने मांग की है।

शहर के नंदई निवासी मालवाहक चालक लीलाधर साहू के पिता मनोज कुमार साहू ने कहा कि उनका पुत्र गुरुवार को आलू-प्याज दुकान के बगल में ही शिव-शंकर के यहां माल खाली करने गया था। वाहन में दो-तीन बैग खाली करना बचा था, तभी करण तेजवानी ने गाड़ी हटाने को लेकर उनके पुत्र के साथ गाली-गलौज की और गाली-गलौज का विरोध करने पर उसने उनके पुत्र पर डंडे से वार करते मारपीट शुरू कर दिया। इसके बाद उनके पुत्र ने भी अपना बचाव किया और दोनों के बीच मारपीट हुई। उन्होंने कहा कि इस मामले में अगर दोनों दोषी है तो दोनों पर कार्रवाई की जाए, लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस एक पक्ष पर ही कार्रवाई कर रही है।




⏩ शेष पेज 13 पर

### घायल युवक अस्पताल में भर्ती

वाहन चालक लीलाधर साहू के पिता मनोज कुमार साहू ने कहा कि इस मामले में व्यापारी द्वारा पहले मारपीट किया गया है। जिसमें उनके पुत्र को हाथ-पैर में चोंट लगी है। वहीं उनके पुत्र के साथ मौजूद उसके दोस्त ऋषभ मेश्राम को काफी चोंट आई है, जो अभी आईसीयू में भर्ती है। कोतवाली थाना पहुंचे लीलाधर के परिजनों ने कहा कि व्यापारियों द्वारा सीसीटीवी फुटेज अधूरा दिखाया जा रहा है। जबकि उससे पहले व्यापारी द्वारा अपने हमालों को बुलाकर मारपीट की गई, वह सीसीटीवी फुटेज नहीं दिखाया जा रहा है।

# मोपेड में शराब ले जाते युवक पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोपेड के पैरदानी में रखकर अवैध रूप से 200 पौवा शराब का परिवहन किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिसमें शराब बरामद कर कार्रवाई की जा रही है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 10 अप्रैल को पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सिल्वर रंग के एक्टिवा स्कूटी में अवैध रूप से शराब रखकर ग्राम सुखरी से दीवानभेड़ी की ओर आ रहा है।

सूचना पर ग्राम दीवानभेडी के हनुमान मंदिर मोड के पास पहुंचकर पुलिस ने घेराबंदी कर ग्राम सुखरी की ओर से एक सिल्वर रंग के एक्टिवा को रोककर आरोपी गजेन्द्र वर्मा 40 वर्ष निवासी ग्राम तेलीटोला (टप्पा) को अभिरक्षा में लेकर गवाहों की उपस्थिति में पूछताछ कर वैधानिक कार्रवाई करते आरोपी के कब्जे से एक सिल्वर रंग के एक्टिवा स्कूटी के पैरदानी में रखे दो प्लास्टिक बोरी में से एक सफेद रंग प्लास्टिक बोरी में 150 पौवा देशी प्लेन शराब शोले कीमती 12000 रुपए एवं दूसरे पीले रंग के प्लास्टिक बोरी में 50 पौवा देशी प्लेन शराब शोले कीमती 4000 रुपए का पाए जाने पर आरोपी के कब्जे से 200 पौवा देशी प्लेन शराब शोले ब्रांड एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त एक सिल्वर रंग की एक्टिवा को जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरूद्ध किया गया।

### अवैध रूप से बिक्री 22 पौवा बरामद

इसी क्षेत्र में 10 अप्रैल को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति अवैध रूप से ग्राम कोपेडीह जीई रोड पीपल पेड के पास बोरा में शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर घटनास्थल पहुंचकर घेराबंदी कर अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी रमेश बंजारे पिता स्व. सुकालूराम बंजारे 50 वर्ष ग्राम कोपेडीह पुलिस चौकी तुमडीबोड के कब्जे से एक भूरा रंग की बोरी में रखे 22 पौवा स्पेशल व्हीस्की शराब कीमती 2860 रुपए एवं बिक्री रकम 450 रुपए कुल जुमला 3310 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध 34(1) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

### सुबह 7.35 से 9.12 बजे तक पूजा का शुभ मुहूर्त, दिनभर रहेगा भक्तिमय माहौल

# आज ब्रह्म मुहूर्त में होगी हनुमान जयंती की शुरूआत, मंदिरों में विशेष पूजा, शहर में निकलेगी शोभायात्रा..जगह-जगह भंडारे भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साल के महत्वपूर्ण त्यौहारों में शामिल हनुमान जयंती का पर्व आज देशभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। शहर से लेकर गांव तक इस पर्व को भव्य रूप से मनाने के लिए व्यापक तैयारी की गई है। हनुमान जयंती पर्व की शुरूआत आज ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 3.21 बजे से हो जाएगी। वहीं पूर्णिमा का समापन अगले दिन सुबह 5.51 बजे होगा। यूं तो आज दिनभर पूजन के कई मुहूर्त है, लेकिन सबसे शुभ मुहूर्त सुबह 7.35 से 9.12 बजे के बीच बताया गया है।



वहीं इस पर्व को लेकर शहर में भी विशेष तैयारियां की गई है, जहां हनुमान मंदिरों में सुबह से ही विशेष पूजा की शुरूआत हो जाएगी। वहीं दोपहर को शहर में विभिन्न हिन्दू संगठनों द्वारा भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। इसके अलावा शहर में ही दर्जनभर स्थानों में पर्व के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिलेभर में हनुमान मंदिरों के साथ ही प्रभु श्रीराम मंदिरों में भी आज के आयोजन को लेकर विशेष तैयारी की गई है।

### यह रहे शुभ मुहूर्त

इस साल हनुमान जन्मोत्वस 12 अप्रैल दिन शनिवार को मनाया जाएगा। यह त्यौहार हर साल चैत्र पूर्णिमा पर ही मनाया जाता है। इस बार पूर्णिमा तिथि 12 अप्रैल को ब्रह्म मुहूर्त में 3.21 बजे शुरू होगी और 13 अप्रैल को सुबह 5.51 बजे समाप्त होगी। हनुमान जयंती पर पूजा का पहला शुभ मुहूर्त 12 अप्रैल को सुबह 7 बजकर 34 मिनट से सुबह 9 बजकर 12 मिनट तक है। इसके बाद दूसरा शुभ मुहूर्त शाम को 6 बजकर 46 मिनट से लेकर रात 8.08 मिनट तक रहेगा।

### बाइक रैली निकाली, आज शोभायात्रा

श्री हनुमान जन्मोत्सव के पूर्व आज शुक्रवार को भव्य बाइक रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त ध्वज पताका लेकर निकले। जयकारों के साथ निकली यह बाइक रैली शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान जयकारों की गूंज रही। बाइक रैली पुनः म्युनिसिपल स्कूल मैदान पहुंची, जहां समापन किया गया। कल श्री हनुमान जन्मोत्सव आयोजन समिति द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा म्युनिसिपल स्कूल मैदान से निकाली जाएगी। जिसमें भव्य झांकी शामिल किया जाएगा। शोभायात्रा में बाजे-गाजे, भजन, पारंपरिक लोक नृत्य, अखाड़ा सहित विविध कलाकारों द्वारा प्रस्तुति भी दी जाएगी। शोभायात्रा का शहर के कई स्थानों पर स्वागत कर शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए स्वल्पाहार, शीतल पेय इत्यादी की व्यवस्था समाजसेवी संस्थाओं द्वारा किए जाने की तैयारी है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप



### वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान

**मोहला।** स्थानीय सामुदायिक भवन में जिला स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें जिलेभर के कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्य वक्ता के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष नम्रता सिंह ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी। जिला उपाध्यक्ष रमेश हिड़मे ने मोदी जी की गारंटी पर प्रकाश डाला। पूर्व जिला अध्यक्ष मदन साहू ने योजनाओं की जानकारी साझा किया। समापन के पूर्व अंबागढ़ चौकी मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी के पिता के निधन पर मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। संचालन संगीता मिश्रा और आभार प्रदर्शन सदानन तारम ने किया।

### वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित

**पटेवा।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गत दिनों वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 9 वीं का परिणाम 61, कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय का 93.54, गणित संकाय का 100, कृषि संकाय का 99, वाणिज्य संकाय का 100, कला संकाय 65 प्रतिशत रहा। कक्षा 9 वीं में प्रथम युवराज निर्मलकर, द्वितीय लिकेश्वरी, तृतीय जिया वर्मा, लवली साहू, कक्षा11 वीं विज्ञान संकाय में प्रथम लिशा साहू, द्वितीय प्रेरणा, गणित संकाय में प्रथम हर्ष देवांगन, द्वितीय भेषमणी साहू, कृषि संकाय में प्रथम थानेश्वरी साहू, द्वितीय चांदनी सेन, वाणिज्य संकाय में प्रथम तन्नू साहू, द्वितीय स्नेहा साहू, कला संकाय में प्रथम आर्यन साहू, द्वितीय रोशनी यादव रही। प्राचार्य एचके साहू परिणाम की घोषणा किया। इस दौरान शाला समिति अध्यक्ष राकेशकुमार साहू, सदस्य, पालक एवं स्टाफ मौजूद था।

### भरकाटोला स्कूल में बिदाई समारोह

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला भरकाटोला में विदाई समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम शुरु किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्रधान पाठक पूरन लाल साहू थे। अध्यक्षता भीषण चंद्रवंशी ने की। वा विशिष्ठ अतिथि देवीलाल ठाकुर, प्रमोददास सिरदार, मंशाराम चंद्रवंशी, जनक लाल साहू, राजकुमारी साहू थी। छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कक्षा पांचवी के छात्र छात्राओं को पेन कापी देकर सम्मानित किया गया। पूरनलाल साहू ने शिक्षा की विशेषता एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। संचालन ऋतुराज साहू ने किया। इस अवसर पर किरण सिन्हा, दुलेश्वरी कंवर, पवनबाई, सविताबाई कंवर, अशोक कुमार कंवर, गौतम कंवर, भुनेश्वरीबाई, सतवनबाई आदि उपस्थित थे।



### पंचायत प्रतिनिधि मिले नीलू शर्मा से

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा से मुलाकात कर बधाई देते हुए क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा किया। उन्होने अंचल के प्रमुख पर्यटन स्थल खैरा नर्मदा, चोरडाधाम, मंढीप खोल गुफा सहित अन्य से अवगत कराते हुए विकास एवं पर्यटन को बढावा देने के संबंध में चर्चा किया। इस दौरान प्रकाश जंघेल, संतु पटेल, लालचंद पटेल, रोशन जंघेल एवं भुवन जंघेल मौजूद थे।



### जयंती पर निकलेगी रैली

**खुज्जी।** संविधान वेत्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती अंचल में धूमधाम से मनाया जाएगा। समीपस्थ ग्राम दर्री में भीम आर्मी मोर्चा एवं बौद्ध समाज के तत्वावधान में आगामी 14 अप्रैल को बुद्ध वंदना के पश्चातचलित झांकी के साथ रैली निकाली जाएगी। समापन के बाद भोजन भंडारा रखा गया है।

### विविध आयोजन आज

**खुज्जी।** हनुमान जयंती के अवसर पर ग्राम के प्राचीन हनुमान मंदिर में धार्मिक आयोजन रखा गया है। ग्राम के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से प्रातः पूजा-अर्चना एवं सुंदरकांड का पाठ होगा। तत्पश्चात रामायण पाठ का आयोजन किया गया। समापन भंडारे के साथ होगा। आयोजकों ने लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हानद किया है।

### जागृति बनी कृषि समिति की सभापति



**डोंगरगांव।** दूसरी बार निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु को कृषि स्थाई समिति का सभापति बनाया गया है। उनके निर्वाचित होने से निर्वाचन क्षेत्र में ख़ुशी की लहर देखी जा रही है। ग्रामीणों और किसानों को उम्मीद है कि श्रीमती यदु के नेतृत्व और प्रयास से क्षेत्र में क़ृषि का तेजी से विकास होगा। उनके निर्वाचन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पंचायत प्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

सुशासन तिहार के तहत शिविरों का आयोजन

# उम्मीदों के साथ शिविर में आवेदन देने उमड़े ग्रामीण





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी सुशासन तिहार के तहत नगर के तीन स्थानों पर लगाए गए शिविर में नागरिकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते 23 सौ से अधिक आवेदन जमा किया है। शिविर के आखिरी दिन अपेक्षा से अधिक आवेदन प्राप्त हुए है जिसकी संख्या 16 सौ से अधिक है। जानकारी अनुसार आयोजन के पहले दिन मात्र 81 आवेदन आए थे। दूसरे दिन आवेदन देने वालों का आंकड़ा 380 तक पहुंच गया था। तीसरे दिन कुल 235 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर के अंतिम दिन तक आवेदनों की संख्या 23 सौ से अधिक पहुंच गई। जानकारी अनुसार शिविर में सबसे ज्यादा महतारी वंदन योजना, भूमिहीन कृषक सहित अन्य योजनाओ के आवेदन आए हैं।

### अंतिम दिन उमड़ा जनसैलाब

शिविर के अंतिम दिन आवेदन जमा करने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। तीनों स्थानों पर लगभग 16 सौ से अधिक लोगो ने आवेदन जमा किया। भीड़ के उमड़ने से कर्मचारियों को एंट्री करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शिविर में निकाय के युगल ताम्रकर, जितेंद्र बंजारे, राजा पटौती, रमेश यादव ,राजमणि शर्मा, चन्द्रमणि यादव ने अपनी सेवाएं दी।

### छोटी पड़ गई पेटी

शिविरों में नगरवासियों ने इतने अधिक आवेदन दिए कि आवेदन जमा करने रखी गई पेटी छोटी पड़ गई। हालांकि सभी आवेदनों पर यूनिक कोड दर्ज करने के साथ उन्हे सहेज कर रखा गया है। शिविर में दिए गए आवेदन की पावती में यूनिक कोड दर्ज किया गया है। पावती में उल्लेखित वेबसाइट्स से यह चेक किया जा सकता है कि आवेदन की ऑनलाइन एंट्री है या नहीं।

### समस्याओं का लिया जायजा


**गंडई पंडरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने चकनार पहुंचकर सुशासन तिहार के आयोजन का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना।मौके पर निराकरण करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। श्री ताम्रकार ने सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों से नालियों की नियमित सफाई करने का आग्रह किया। उन्होंने पानी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बोरिंग में मोटर लगाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने रोजगार सहायक को ऐसे परिवार जिनके मकान कच्चे हैं, का सर्वे करने और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने निर्देशित किया। सरपंच लालचंद पटेल, बूथ अध्यक्ष पवन पटेल, रमेश जंघेल, विसंबर पटेल सहित अन्य ने नाली और सीसी रोड स्वीकृत कराने का अनुरोध किया। जिस पर श्री ताम्रकार ने स्वीकृति कराने का आश्वासन दिया।

### ग्रामीणों ने सौंपा आवेदन

**बांधा बाजार।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्राम में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, जनपद सदस्य संदीप मेश्राम, विनीत शर्मा, सरपंच, पंच की मौजूदगी में ग्रामवासियों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन दिया।



## आवेदन देने सुबह से शाम तक लगी रही कतार



**घुमका।** सुशासन तिहार के आखिरी दिन पंचायतों व नगर पंचायत मे आवेदन जमा करने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। लोगों ने अपनी समस्या एवं मांग का आवेदन जमा किया। सुशासन तिहार के आखिरी दिन नगरवासी मांग, शिकायत और समस्या का आवेदन लेकर सुबह 9 बजे ही पहुंच गए थे। सीएमओ ज्ञानेश्वर प्रसाद देवदास ने बताया कि शाम 4 बजे तक 138 आवेदन प्राप्त हुए है। सबसे ज्यादा आवेदन प्रधानमंत्री आवास एवं राशन कार्ड के हैं। लोगों ने नल, नाली एवं सड़क की समस्या के भी आवेदन दिए हैं। उन्होंने बताया 11 मई को नगर पंचायत प्रांगण में शिविर लगाकर प्रार्थियों को निराकरण से अवगत कराया जाएगा।

### पूर्व सरपंच ने खोला समस्याओं का पिटारा

पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा ने शिविर में कई समस्याओं और मांगों को उठाया है। उन्होंने गोपालपुर से घुमका मार्ग चौड़ीकरण, जल संकट का निराकरण, रुसे जलाशय से जल उपलब्ध कराने, स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं कालेज में प्राचार्य की नियुक्ति, नगर पंचायत चुनाव कराने, स्वास्थ्य केंद्र में 30 बिस्तर की सुविधा, आयुर्वेदिक चिकित्सालय का भवन निर्माण, प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक बालक एवं कन्या शाला का भवन निर्माण, मुक्तिधाम में पेयजल, मार्ग, विश्राम गृह निर्माण, पेयजल के लिए एक लाख 80 हजार लीटर क्षमता वाली टंकी निर्माण करने की मांग किया है।

### ग्रामीणों को किया प्रेरित

छुरिया। जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने गत दिनों फाफामार पहुंचकर ग्रामीणों को सुशासन तिहार की जानकारी दी। जनपद अध्यक्ष श्री सिन्हा ने बताया कि सुशासन की दिशा में पहल करते हुए प्रदेश की साय सरकार ने सुशासन तिहार की शुरूवात की है जिसके तहत ग्रामीणों की मांगों और समस्याओं के आवेदन लिए जा रहे हैं।प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय पर समाधान किया जाएगा।

### पूर्व विधायक भी पहुंचे शिविर में

**सड़क अतरिया।** सरकार द्वारा 8 अप्रैल से प्रारंभ सुशासन तिहार का प्रथम चरण शुक्रवार को पूर्ण हुआ। सभी पंचायतों में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर इस तिहार में हिस्सा लिया। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने भोरमपुर, लक्ष्मणपुर, घिरघोली पहुंच कर ग्रामीणों को सरकार के विभिन्न योजनाओ से अवगत कख्या। उन्होंने ग्रामीणों को सुशासन तिहार में शामिल होने प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि तिहार के दूसरे चरण में एक माह के भीतर आवेदन का निराकरण किया जाएगा। आगामी 5 से 31 मई तक समाधान शिविर का आयोजन होगा। इस दौरान ग्रामीणों ने राशन कार्ड, नाम शामिल करने, आवास, शौचालय, तलाब, कुआँ, पुलिया, सड़क, सीसी सड़क, नलजल योजना, बिजली कनेक्शन, हेंडपंप, महतारी वंदन, पेंशन आदि के आवेदन जमा किया है। आयोजन के अंतिम दिवस सभी पंचायतों में आवेदन देने वालों की कतार देखने मिला। ग्राम पंचायत सड़क अतरिया, कुकुरमुड़ा, खैरबना, मानपुर, संड़ी, पंडरिया, विचारपुर आदि पंचायत में सौ से अधिक आवेदन मिलने की जानकारी है।



## हनुमान जन्मोत्सव आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

अंचल में कल शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। सड़क अतरिया, चकनार स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। जन्मोत्सव के मौके पर कुकुरमुडा के बजरंग चौक में ग्रामीणों के सहयोग से निर्मित हनुमान मंदिर का लोकार्पण एवं प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। सुबह शोभायात्रा के पश्चात पूजा अर्चना एवं अनुष्ठान किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक यशोदा वर्मा के अलावा पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, सदस्य निर्मला वर्मा, डोमारसिंह भेड़िया, मोतीलाल जंघेल, कविता जंघेल, गजेन्द्र ठाकरे, संजय वैष्णव, सोनम वैष्णव, रामकुमार पटेल, रोहित जंघेल, गैंदूराम जंघेल, देवकुमार जंघेल, संतोष यदु, राजकुमार साहू, जेठिया बाई, रूपेन्द्र वैष्णव शामिल होंगे।

### जस झांकी महोत्सव आज से

कुमरदा। जय मां शीतला काली युवा समिति मुंजालपाथरी एवं ग्रामीणों के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर दो दिवसीय छत्तीसगढ़ी लोककला एवं जस झांकी महोत्सव का आयोजन रखा गया है। कल 12 अप्रैल से आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न मंडलियां शामिल होगी। यह जानकारी भीखमदास ने देते हुए लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

## सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुमर्दा

प्रदेश और जिला भाजपा के निर्देशानुसार कुमर्दा मंडल भाजपा ने गत दिनों वृहद कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी और भाजपा नेता कैलाश शर्मा थे। मंडल अध्यक्ष हिरदेराम देवांगन ने स्वागत भाषण देते हुए भाजपा कार्यकर्ता को एकजुट होकर जनता के हित में काम करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता श्री गांधी ने भाजपा की स्थापना के संबंध में जानकारी देते हुए कहा भाजपा का इतिहास भारतीय जनसंघ से जुड़ा है। आजादी और गांधी जी की हत्या के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगाकर संघ को राजनीतिक रूप से निशाना बनाया गया तब एक राजनीतिक दल की आवश्यकता महसूस होने पर जनसंघ की स्थापना किया गया। इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल लगाने के बाद ज य प्र का श नारायण के आव्हान पर जनता पार्टी का गठन किया गया। इसी कड़ी में 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना किया गया। श्री गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी के 11 साल की उपलब्धियों को कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा।

### जनप्रतिनिधियों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित जिला पंचायत, जनपद पंचायत,सरपंच एवं सक्रिय भाजपा सदस्यों का सम्मान किया गया। इस दौरान बोधन साहू, जिपं सदस्य गोपाल भुआर्य, अनिरूद्ध चंद्राकर, गोपाल साहू, मुकेश साहू, ईश्वर निर्मलकर, महाबती नेताम, भारती देवांगन, राजवंतीनबाई, दिग्विजय मिश्रा, दीनाराम साहू, जग्गू साहू, मन्होर साहू, तामेश्वर देवांगन, प्रशांत मंडल आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## नदियों से रेत की निकासी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मुरमुंदा के आसपास का क्षेत्र खनिज माफिया का पसंदीदा गढ़ बन गया है। मुड़पार, मुरमुंदा, जामरी, माटेकटा, मेढ़ा से सुबह से रात तक रेत का अवैध खनन किश्स जा रहा है। गाँव वाले विरोध करते हैं तो खनिज माफिया गाली गलौच करने और धमकी देने उतारू हो जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रेत का कारोबार खनिज विभाग की मिलीभगत से रहा है। कुछ दिन पहले ग्रामीणों की मौजूदगी में मुड़पार और मुरमुंदा की गाडियों को पकड़ा गया था, कुछ दूर जाने के बाद छोड़ दिया गया और वहीं गाड़ियां फिर से रेत परिवहन में लग गई। ग्रामीणों ने बताया कि गाँव में 500 से अधिक ट्रीप रेत डंप कर रखा है। शिकायत के बाद भी प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं किया जा रहा है।

### हितग्राही भटक रहे

ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री योजना आवास योजना के हितग्राहियों को रेत नहीं मिल रही है और माफिया दिन रेत पार करने में लगा है। इसी प्रकार सभी गाँव में लाल ईट का कारोबार जोर से चल रहा है। ईंट भट्ठो में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर लकड़ी जलाया जा रहा है। ग्रामीणों ने रेत और ईंट के कारोबार के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने की मांग की है।

कामप्लेक्स निर्माण की घोषणा

# सांसद ने किया पंचायत भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर



नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण सांसद संतोष पांडे ने किया। कार्यक्रम में जिला, जनपद के प्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा ने सांसद के समक्ष पेयजल, सिद्ध बाबा जलाशय नाली से डायवर्सन नाली द्वारा सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था, हाईस्कूल भवन, अस्पताल में अतिरिक्त कक्ष, व्यवसायिक परिसर, महिला समूह के लिए महतारी सदन निर्माण की मांग रखा। सांसद ने बारी बारी से सभी कार्य कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि उदयपुर के विकास में कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने व्यवसायिक परिसर के लिए घोषणा किया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांतसिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष बिसेसर साहू, खम्हन ताम्रकार, घम्मन साहू, पूरन जंघेल, टीके चंदेल, प्रेमनारायण चन्द्राकर, भागवत शरण सिंह, राकेश गुप्ता, भावेश कोचर, नेहरू कुसुम जंघेल, दुष्यंत जंघेल, विक्रांत चंद्राकर, रोशन मंडले, गजेन्द्र पटेल, अनिल विश्वकर्मा, अशोक मिश्रा, उभयराम साहू, दशरथ यदु, रामचंद्र साहू, विनोद सोनी, नकुल धुर्वे, दुखवा यदु, अर्जुन लोधी, विष्णु लोधी, रेवतीबाई, रेखचंद साहू, नेमबाई, मोगराबाई, धनेश निषाद, वीना सोनी, रंजिता मिश्रा, सुरेश मिश्रा, तुलेश्वरी डहरे, कुंवारियां यदु, सुकवारो निषाद, रेखचंद जंघेल, जागेश्वर जंघेल आदि मौजूद थे।



## खबर संक्षेप



राजनांदगांव। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निकली बाइक रैली में महापौर मधुसूदन यादव शामिल हुए।

### छात्रों ने जाना अंग्रेजी का महत्व

**अर्जुनी।** नवीन महाविद्यालय में बीते दिनों प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशानुसार अंनविभागीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कला संकाय में आयोजित व्याख्यान में अंग्रेजी की अतिथि व्याख्याता लीना साहू ने छात्र - छात्राओं को बेसिक इंग्लिश लेग्वेज, लर्निंग स्कील एवं बेसिक ग्रामर की जानकारी देते हुए बताया कि अंग्रेजी ग्वोबल भाषा है। ग्रामर के माध्यम से अंग्रेजी को विकसित किया जा सकता है। उन्होंने जीवन में अंग्रेजी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि शिक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, गणित, संचार, साहित्य, कला, पर्यटन आदि क्षेत्रों के लिए अंग्रेजी की जानकारी होना अनिवार्य है। इसी क्रम में डॉ. संजू सिंह ने छात्र- छात्राओं को पृथ्वी की उत्पत्ति संबंधी सिद्धांत, बस्तर की कुटुमसर गुफा आदि के बारे में जानकारी दी। अंत में अतिथि व्याख्याता डॉ. काव्या जैन ने आभार व्यक्त किया।



### कटंगीकला में भागवत कथा 13 से

**खैरागढ़।** ब्लाक के कटंगीकला में रविवार 13 अप्रैल से पंच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण विराट महायज्ञ व श्रीमद भागवत पुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ होगा। शिक्षक ओमप्रकाश तिवारी व परिवार द्वारा आयोजित धर्म यज्ञ में प्रवचनकर्ता के रूप मे बलौदा बाजार भाटापारा के पंडित राजेंद्र प्रसाद शास्त्री उपस्थित रहेंगे। शिक्षक ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि रविवार 13 अप्रैल को लक्ष्मी नारायण विराट महायज्ञ का शुभारंभ सुबह कलश यात्रा, वेदी पूजन के साथ होगा और प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे तक हवनादि किया जाएगा। रविवार 13 को ही गोकर्ण व्यास के साथ श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ होगा। सोमवार 14 को सुकदेव चरित्र व महाभारत प्रसंग, मंगलवार 15 को शिवसती व धुरव चरित्र, बुधवार 16 को जड़भरत चरित्र, अजामिल प्रसंग, प्रहलाद चरित्र पर कथा होगी। गुरूवार 17 को समुद्र मंथन, वामन अवतार, कृष्ण जन्मोतस्व के साथ दी लूट होगा। शुक्रवार 18 को बाल लीला, गोवर्धन कथा, रूकमणी कृष्ण विवाहोत्सव, शनिवार 19 को सुदामा चरित्र को लेकर कथा व्यास पंउति शास्त्री प्रवचन देंगे। रविवार 20 को परीक्षित मोक्ष, चढ़ोतरी बाद शोभा यात्रा निकलेगी और अंतिम दिन सोमवार 21 को गीता ज्ञान, तुलसी वर्षा, सहस्त्रधारा स्नान, महाप्रसादी साथ हवन होगा।

### प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 20 को

**खैरागढ़।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश के आदिवासी अप योजना व नक्षत्र प्रवाहित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा नवमी में प्रवेश को लेकर प्राक्चयन परीक्षा की तिथि के साथ एडमिट कार्ड भी जारी कर दिया गया है। प्रयास बालक कन्या आवासीय विद्यालयों के नवमी कक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा रविवार 20 अप्रैल को होगी। सुबह 9 बजे उपस्थिति बाद वही सुबह 9.30 बजे से कक्षा परीविक्षक द्वारा परीक्षार्थियों को ओएमआर शीट भराया जाएगा। तत्पश्चात सुबह 10 बजे से परीक्षा प्रारंभ हो जाएगी जो दोपहर 1 बजे तक चलेगी। जिले में इसके लिए 8 जगहों पर परीक्षा केंद्र बनाया गया है जहॉ 2185 परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था की गई है। खैरागढ़ ब्लाक के पुदमलाल पुन्नालाल बक्शी स्कूल में 450, आत्मानंद कन्या शाला मे 300, अमलीपारा स्कूल में 150, वेसलियन स्कूल में 200, अवंती स्कूल दाऊचौरा में 100, माईल स्टोन स्कूल मे 240 और विवेकानंद स्कूल में 145 के अलावा छुईखदान ब्लाक के आत्मानंद स्कूल में 400 और कन्या उमाशा में 300 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आज भंडारा

**राजनांदगांव।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर कल 12 अप्रैल को शाम सात बजे से दिग्विजय स्टेडियम परिसर में प्रसादी का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से उपस्थिति की अपील की है।

### पेंशनर्स अध्यक्ष पद का चुनाव 13 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रांताध्यक्ष पेंशनर्स अध्यक्ष पद पर चुनाव आगामी 13 अप्रैल को होना है। इसके लिए प्रत्याशी यशवंत देवान ने प्यारेलाल पेंशनर्स स्कूल पहुंचे। इस दौरान जिले एवं तहसील खैरागढ़, डोंगरगांव, छुरिया, छुईखदान, गंडई, घुमका एवं राजनांदगांव के पेंशनर्स उपस्थित थे। इस दौरान नगर अध्यक्ष पतराम साव, निसार अहमद, सुधीर शेण्डे, श्री केहरी, कधर, केके दुबे, रमेश भोजवानी, अनिल शर्मा अध्यक्ष सभी ने अपना उद्बोधन देकर यशवंत देवान को सहयोग देकर भारी मतों से जीताने का संकल्प लिया और उनके पुराने महत्वपूर्ण कार्यों एवं अनुभवों की सराहना की। वहीं श्री देवान ने अपना घोषणा पत्र भी जारी किया। नगर अध्यक्ष पतराम साव एवं महामंत्री सुधीर शेंडे ने समस्त पेंशनरों को 13 अप्रैल को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चुनाव में हिस्सा और आधार कार्ड लाने व मतदान पर्ची नहीं मिलने पर प्राप्त करने की अपील की। उक्त जानकारी प्रचार-प्रभारी रमेश भोजवानी ने दी।



पेज 11 का शेष

### वाहन चालक के परिजन...

**नहीं लिखी गई एफआईआर**

आरोपी युवक लीलाधर साहू के परिजनों ने पुलिस के कहने पर कोतवाली थाना में लीलाधर साहू को सरेंडर करवाया है। वहीं उन्होंने इस मामले में व्यापारी के खिलाफ भी एफआईआर लिखानी चाही, लेकिन उनका कहना है कि पुलिस ने उनकी एफआईआर नहीं लिखी है।

**गिरफ्तारी की मांग**

आरोपी वाहन चालक के पिता मनोज कुमार ने कहा कि जिस तरह से थाना बुलाकर उनके पुत्र को गिरफ्तार किया गया है, उसी तरह से मारपीट करने वाले व्यापारी को भी पुलिस गिरफ्तार करे। उन्होंने कहा कि कानून सबके लिए है, जो गलत करेगा उसे सजा मिलनी चाहिए।

## नई समितियों के लिए दावा आपत्ति 25 मई तक

# जिले में 26 नई सेवा सहकारी समितियों का होगा गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में इस सत्र से 26 नई सेवा सहकारी समितियों का गठन होने से समितियों की संख्या बढ़कर 65 हो जाएगी। जिले में जिला सहकारी बैंक के अधीनस्थ समितियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया का राजपत्र में प्रकाशन हो गया है। बनने वाली नई समितियों के लिए दावा आपत्ति 25 मई तक लिया जाएगा उसके निराकरण बाद समितियों के गठन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

गौरतलब है कि जिला निर्माण के बाद 39 समितियों में शामिल बड़े बड़े गांवों और इलाकों में नई समिति बनाने की मांग लंबे समय से उठ रही थी। प्रदेश सरकार ने इस मांग पर मुहर लगाकर किसानों को बड़ी राहत दी है। नई गठित होने वाली समितियों में लगभग 171 गांव के किसान शामिल है। जिन्हें अब दूर मे स्थित समितियों में लंबी दूरी तय कर धान लेकर जाने से राहत मिलेगी और पास की समितियों में ही अपना धान समर्थन मूल्य पर विक्रय कर सकेगें। नई सेवा सहकारी समितियों के गठन का सीधा फायदा पंजीकृत किसानो को मिल सकेगा।




**इन समितियों का होगा गठन**

जिले में नई बनने वाले सेवा सहकारी समितियों में गंडई से अलग होकर मानपुर नाका, लिमो से अलग होकर ढाबा, बरबसपुर से अलग होकर संबलपूर, हनईबन से अलग भुरभुसी, धोधा से अलग होकर पथर्रा, गोपालपुर से अलग होकर लक्ष्मणपूर, झूरानदी से अलग होकर कोर्राय, अमलीडीह कला से अलग होकर भूलाटोला, मुढ़ीपार से अलग होकर गातापार जंगल, भंडारपुर से अलग होकर चिचोला, ईटार से अलग होकर बरबसपूर, बाजार अतरिया से अलग होकर कुकुरमुड़ा, उदयपूर से अलग होकर साल्हेकला, नचनिया से अलग होकर सहसपूर, साल्हेवारा रामपुर से अलग होकर जामगांव, पैलीमेटा से अलग होकर ठाकुरटोला, टोलागांव से अलग होकर दामरी, आमदनी से अलग होकर भरतपुर, मड़ौदा से अलग होकर धनगांव, जालबांधा से अलग होकर बघमर्रा, गाड़ाडीह से अलग होकर दिलीपपुर, अमलीपारा से अलग होकर कुम्ही, कामठा से अलग होकर नवांगांव कला, सलोनी से अलग होकर मदराकुही, बढ़ईटोला से अलग होकर देवारीभाठ और विचारपूर से अलग होकर महरूमकला समिति अस्तित्व में आएगी।

# प्रशासन की टीम ने 16 वर्षीय किशोरी का रोका बाल विवाह



- गंडई में बाल विवाह रोकथाम दल की त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

बाल विवाह रोकथाम टास्क फोर्स ने गंडई नगर में एक नाबालिग बालिका का विवाह होने से रोका। गंडई नगर के वार्ड क्रमांक 03 में उक्त कार्रवाई की गई, जहां एक 16 वर्षीय किशोरी का विवाह आगामी 15 अप्रैल को तय था।

मिली जानकारी के अनुसार विवाह की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी थी और निमंत्रण पत्र भी बांटे जा चुके थे। महिला एवं बाल विकास विभाग को जैसे ही इस मामले की सूचना मिली, प्रशासन तुरंत हरकत में आया। एसडीएम के निर्देश पर परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे के नेतृत्व में त्वरित जांच दल गठित किया गया। जांच के लिए भेजी गई क्षेत्र की सेक्टर पर्यवेक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बालिका के विद्यालयीन मार्कशीट के आधार पर उसकी उम्र मात्र 16 वर्ष मिली।


**विवाह स्थल पर पहुंची टीम**

रिपोर्ट की पुष्टि होते ही महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम तत्काल विवाह स्थल पर पहुंची। टीम ने बालिका के परिजनों से विस्तृत चर्चा की और उन्हें बाल विवाह के कानूनी पहलुओं से अवगत कराया। परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे ने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की का विवाह करना एक दंडनीय अपराध है। टीम ने बालिका के होने वाले पति को भी कानून की जानकारी दी।

# श्री बालाजी हनुमान मंदिर में आज भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के गंज चौक स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर समिति द्वारा वृहद आयोजन किया जा रहा है। भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर श्री बालाजी हनुमान मंदिर समिति द्वारा मंदिर की भव्य साज-सज्जा की गई है। वहीं रंग-बिरंगी आकर्षक लाइटिंग से मंदिर को सजाया गया है।



श्री बालाजी हनुमान मंदिर समिति द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन इस वर्ष भी काफी धूमधाम से किया जा रहा है। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भगवान हनुमान जयंती के अवसर पर 12 अप्रैल शनिवार को दिनभर कई विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं।

**शहर की प्राचीन मंदिर**

शहर के सबसे प्राचीन श्री बालाजी हनुमान मंदिर को लेकर बताया जाता है कि यह मंदिर लगभग 300 वर्ष पुराना है। इस मंदिर में लगभग 30-35 वर्षों से हनुमान जयंती का भव्य उत्सव मनाया जा रहा है।

**महाप्रसादी और भजन संध्या**

भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत 12 अप्रैल को सुबह 4 से 6 बजे तक सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ होगा और इसके बाद सुबह 6 बजे शहर में प्रभातफेरी निकाली जाएगी। वहीं सुबह 7 बजे से श्री हनुमानजी का महाअभिषेक होगा। सुबह 8.30 बजे से श्रृंगार आरती संपन्न होगी। सुबह 10 बजे से हवन एवं पूजन, दोपहर 12 से 3 तक महाप्रसादी वितरण और दोपहर 3.30 से सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। वहीं शाम 7.15 बजे

**भंडारा प्रसादी की भव्यता**

श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बालाजी हनुमान मंदिर समिति द्वारा भव्य भंडारा प्रसादी का आयोजन भी किया जाता है। इस भंडारा की भव्यता को इसी से समझा जा सकता है कि यहां प्रतिवर्ष लगभग 8 से 9 हजार श्रद्धालु आकर भंडारा प्रसादी ग्रहण करते हैं।

### न्यू चंद्रा कॉलोनी में श्री हनुमान जन्मोत्सव आज

**राजनांदगांव।** न्यू चंद्रा कालोनी वार्ड नं. 20 जीई रोड़ राजनांदगांव में कल 12 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर कालोनी के श्री शिव एवं हनुमान मंदिर में विशेष पूजन-अर्चना के बाद हवन-पूजन कर हनुमान जयंती मनाई जाएगी। सर्वप्रथम प्रातःकालीन आरती के समय में सुबह 7 बजे हनुमान को चोला चढ़ाएंगे एवं प्रातः आरती होगी। सुबह 9.15 बजे दोनों मंदिर में विशेष-पूजा अर्चना कर हवन एवं आरती के पश्चात प्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजन में कॉलोनी निवासी सहभागितापूर्वक शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। तेज धूप एवं भीषण गर्मी को देखते हुए सुबह समय का विशेष ध्यान रखा गया है। न्यू चंद्रा कालोनी के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# सवाल जवाब करना पड़ा भारी, सिर फूटा

- 1282 से सदस्यता समाप्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सामाजिक बातचीत को लेकर विवाद के चलते राजपूत क्षत्रिय रहटादाह उपसमिति अध्यक्ष ने शिक्षक को सिर फूटते तक पीटा। जानकारी अनुसार राजपूत क्षत्रिय रहटादाह 1282 उपसमिति अध्यक्ष शेर सिंह गांधी से उन्हीं के समाज के शिक्षक विक्रम सिंह ठाकुर ने सामाजिक चर्चा को लेकर सवाल जवाब किया जिससे उत्तेजित अध्यक्ष ने शिक्षक से गाली गलौच की जिसके बाद दादाबाड़ी स्थित दुकान के सामने दोनों के बीच हाथापाई हुई और शिक्षक का सिर फूट गया।

मामले में देर रात तक दोनों पक्ष के लोग थाने में जुटे रहे देर रात डॉक्टरी मुलाहिजा बाद शिक्षक की ओर से लिखित शिकायत पर उप समिति अध्यक्ष शेर सिंह गांधी और उनके बेटे के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। वही मामले को लेकर शिक्षक विक्रम सिंह ठाकुर ने उप समिति सचिव को आवेदन देकर अध्यक्ष के खिलाफ कारवाई करने की मांग करते हुए कहा कि सामान्य सवाल जवाब पूछने पर शेर सिंह गांधी अनायास उत्तेजित हो गए और उन्होंने उनके साथ साथ पूरे 1282 समाज को गाली दिया है। गाली गलौच की आडियो क्लिप का प्रमाण देते हुए विक्रम सिंह ठाकुर ने उपसमिति अध्यक्ष को जिम्मेदारी वाले पद से हटाने और केंद्रीय समिति को सूचना साथ 1282 से उनकी सदस्यता समाप्त करने की मांग की है।

**बैठक में मांगी लिखित में माफी**

समाज को गाली देने के मामले में त्वरित रूप से बांके बिहारी मंदिर में उप समिति पदाधिकारियों ने बैठक आयोजित कर अध्यक्ष शेर सिंह गांधी से सवाल जवाब किया जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि उत्तेजना के चलते उनके मुंह से समाज के लिए अपशब्द निकल गया। उन्होंने इसके लिए लिखित क्षमा याचना करते हुए दुबारा पुनरावृत्ति नही करने का भरोसा दिया है। उप समिति सचिव जितेंद्र सिंह ने बताया कि विक्रम सिंह ठाकुर के आवेदन पर बैठक रखी गई थी। अध्यक्ष ने लिखित में क्षमा मांग लिया है इसकी जानकारी केंद्रीय समिति को भेज दी जाएगी।

### चयनित व वरीयता सूची जारी

**राजनांदगांव।** मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं में विभिन्न पदों के लिए कौशल परीक्षा एवं लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के बाद चयनित एवं वरीयता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। प्रकाशित सूची का अवलोकन राजनांदगांव जिले की वेबसाईट तथा कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग व जिला बाल संरक्षण इकाई संयुक्त कलेक्ट्रेट राजनांदगांव के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

# नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल में नया शिक्षण सत्र आरंभ

**राजनांदगांव।** नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल जयस्तंभ चौक ब्रांच में नया शिक्षण सत्र 1 अप्रैल से आरंभ हुआ हुआ। इस अवसर बच्चों में उत्साह एवं खुशी देखते ही बनी। नए शिक्षण सत्र के शुरूआत की पहली कड़ी में नर्सरी से केजी-2 तक के सभी बच्चों के बीच हनुमान चालीसा पाठ पश्चात तिलक लगाकर व मिठाई वितरण कर शाला में प्रवेशित किया गया तथा बच्चों को पूरे सत्र में उनकी पढ़ाई, खेलकूद एवं निर्धारित गतिविधियों से अवगत कराया गया। साथ ही बच्चों को नई कक्षाओं में प्रवेशित होने पर शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी व सोनल बाजपेयी द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र में माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित व सरस्वती वंदना कर किया गया। उक्त अवसर पर संस्था के डायरेक्टर श्री बाजपेयी द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं एवं अशीर्वचन दिया गया। श्री बाजपेयी ने पालकों का आभार जताते अपने उद्बोधन में पालकों को आश्वस्त कराया कि संस्था सदैव आपके बच्चों का उचित मार्गदर्शन एवं शिक्षा के साथ संस्कार देने हेतु पूर्ण जिम्मेदार है। नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों का समग्र विकास व गुणवत्ता एवं संस्कारयुक्त शिक्षा का उचित वातावरण, शाला द्वारा दिया जाएगा। इस आयोजन में पालकों में हर्ष का माहौल देखते ही बना।



इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टरगण कुंतल बाजपेयी, रेणु बाजपेयी आदि सहित एचएम स्नेहा तिवारी, स्कूल की शिक्षिकाएं, स्टाफगण एवं पालकों की भी उपस्थिति रही। इसके साथ ही पालकों ने बाजपेयी द्वारा बच्चों में संस्कारयुक्त शिक्षा देने की प्रशंसा भी की। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

# आबकारी महकमे के संरक्षण में चल रहा शराब का कारोबार

**राजनांदगांव।** बसपा नेता शमसुल आलम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सहायक आबकारी आयुक्त पर कमीशनखोरी का आरोप लगाया है। वहीं जिलेभर में अवैध शराब की बिक्री और पर पेटी शराब पर कमीशन लिए जाने के मामले में विभागीय अधिकारियों को घेरा है। जिले में लगातर बढ़ती अवैध शराब की ब्रिकी, कुछ खास ब्रांड की शराब बेचने पर कमीशन, शराब दुकान में कार्यरत कर्मचारियों को काम से निकालने सहित अन्य मामलों को लेकर सहायक आबकारी आयुक्त पर आरोप लगाया है। बसपा नेता शमसुल आलम ने कहा कि बीते दिसंबर माह में शराब दुकान में कार्यरत 13 सेल्समैन को आबकारी सहायक आयुक्त के कहने पर कार्य से निकाल दिया गया है। जिसकी शिकायत श्रम विभाग में करने के बाद ठेका कंपनी को कर्मचारियों को वापस रखने कहा गया। जिसमें से चार लोगों को कर्मचारियों ने काम पर रखा। वहीं शेष 9 लोगों को काम पर रखने के लिए एक माह का समय लिया था। इन चार लोगों को भी काम पर रखने के तीसरे दिन ही अधिकारी के कहने पर कार्य से फिर निकाल दिया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शमसुल आलम ने कहा कि लगभग 5 माह से निकाले गए कर्मचारी आर्थिक संकट के गुजर रहे हैं। उनके पास परिवार का पालन-पोषण करने आर्थिक तंगी है। उन्होंने कहा कि सभी निकाले गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस लिया जाए।प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान शमसुल आलम ने कहा कि जिनकी योग्यता नहीं है, उन्हें सुपरवाइजर बनाया गया है। जिसको लेकर हमारे द्वारा शिकायत की गई थी। शिकायत की जांच पर शिकायत सही पाया गया है। इसके बाद इन अयोग्य लोगों को हटाने का आदेश भी जारी हुआ, लेकिन सहायक आबकारी आयुक्त ने आदेश दबा दिया और इस पर कोई कार्रवाई नहीं की।




# टूल्लू पंप का उपयोग करने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अमलों द्वारा द्वारा ग्रीष्म ऋतु में जिले के सभी ग्रामों में पेयजल की सतत व्यवस्था बनाए रखने ग्रामीण क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। अवैध रूप से टुल्लू पंप के माध्यम से सीधे नलों से पानी लेने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण कर टुल्लू पंप के माध्यम से सीधे नलों से अवैध तरीके से पानी लेने वालों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिसके परिपालन में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से चल रहे टुल्लू पंपों पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए टीम का गठन किया है तथा पीएचई विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। आदेशानुसार पीएचई के विभागीय अमला द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठेकवा एवं ककरेल का औचक निरीक्षण किया गया।



**जब्त टुल्लू पंप ग्राम पंचायत के सुपुर्द**

निरीक्षण के दौरान ग्राम ठेकवा के 7 तथा ककरेल के 3 घरों में टुल्लू पंप से सीधे नलों से पानी लेते पाया गया, जिस पर कार्रवाई करते टुल्लू पंप को जब्त किया गया और जब्ती प्रकरण बनाकर टुल्लू पंप को ग्राम पंचायत को सुपुर्द किया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों को ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समस्या को देखते पानी का सद्उपयोग करने समझाईश भी दी गई। साथ ही पानी को व्यर्थ बहने से रोकने नलों में टोटियां भी लगाने कहा। पीएचई विभाग द्वारा पेयजल की समस्या के समाधान के लिए 24 घंटे क्रियाशील टोल फ्री नंबर 1800 2330008 जारी किया गया है। पानी की किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए ग्रामीण टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर समस्या समाधान पा सकते हैं।




श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं
JOHN DEERE
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™
जॉन डियर ट्रैक्टर
वाजिब दाम में उपलब्ध
आज ही लाए अपने सपनों का ट्रैक्टर
जॉन डियर ट्रैक्टर
नया PowerTech™
5310 57HP 42kW
GearPro™
12F+4R
सस्ता नहीं
अच्छा लो
TremIV
5310
जॉन डियर का वादा
5 साल की वारंटी*
टेक्नोलॉजी लीडरशिप
GearPro™ विस्तृत गती श्रेणी
उच्च बॅक अप टॉर्क
LiftPro अधिक लिफ्ट क्षमता
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
जॉनसन थ्रेशर एवं नीरज सीड ड्रिल उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976 | अंबागढ़ चौकी 8103024569 | चिचोला | गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र में आज मनायी जाएगी हनुमान जन्मोत्सव, तैयारियां जोरों पर



**कवर्धा बरबसपुर।** भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना राम्हेपुर कला प्रांगण में 21 फीट की श्री हनुमान जी महाराज की नव-निर्मित प्रतिमा का रंग-रोगन ग्रामीण भक्तजनों द्वारा जोर शोर से किया जा रहा है। जिला मुख्यालय अंतर्गत भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना राम्हेपुर कला में 21 फीट का श्री हनुमान जी महाराज की प्रतिमा में शनिवार को हनुमान जयंती पर श्रद्धालु व ग्रामीण जनों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगें। वहीं ग्रामीणों व भक्तजनों द्वारा तैयारियां जोंरों पर है।

### हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा, ग्रामीणों में उत्साह



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम कोलेगांव स्थित बिजली सब-स्टेशन में हनुमान मंदिर में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी बिजली स्टेशन में हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। वहीं ग्रामीणों व भक्तजनों तथा समितियों द्वारा हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर ग्रामीण जन जुटे हुए है। मिली जानकारी के अनुसार हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह भव्य हनुमान चालीसा का पाठ एवं महाआरती की जाएगी। वहीं कोलेगांव के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रवासियों में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

### राम्हेपुर कला चौक में प्याऊ घर का शुभारंभ, राहगीरो को मिलेगा शीतल शुद्ध पेयजल



**हरिभूमि बरबसपुर।** जगत जननी श्री राजराजेश्वरी देवी की जयंती के अवसर पर मानव उत्थान सेवा समिति जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ द्वारा ग्राम राम्हेपुर कला में श्रीमती भुवनेश्वरी बाई के मार्गदर्शन में भागवत बंजारे जनपद सदस्य, रमेश यादव उपसरपंच, पवन कोसले सरपंच जनप्रतिनिधि एवं पाली समाज अध्यक्ष रामपाली द्वारा शीतल पेयजल (प्याऊ घर) का शुभारम्भ कर शरबत वितरण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे-30 में ग्राम राम्हेपुर कला चौक में प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया जिससे आने जाने वाले राहगीरो को शीतल शुद्ध पेयजल का लाभ मिलेगा। इस दौरान संस्था के समस्त कार्यकर्ता, मानव सेवा दल एवं यूथ विंग का विशेष सहयोग रहा।

### जनप्रतिनिधि अब अपने क्षेत्र के विकास कार्यों में तेजी लाने ग्रामीण क्षेत्रों का कर रहे दौरा



**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द में गुरुवार को जनपद पंचायत कवर्धा अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गनपत बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सुशासन-तिहार में शामिल होने पहुंची तथा उपस्थित ग्रामीण जनों से भेंटकर क्षेत्र में रुके विकास कार्यों में तेजी लाने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही साथ जेवड़न खुर्द के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भेंट-मुलाकात करते हुए गांव के हायर सेकेण्डरी स्कूल का निरीक्षण किया गया और जल्द सीसी रोड तथा बाउंड्रीवॉल की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नव-निर्माण कार्य के लिए आश्वासन दिया। इस दौरान जनपद पंचायत कवर्धा अध्यक्ष गणेश तिवारी, उपाध्यक्ष अंजनी सुशील चंद्रवंशी, सभापति अमित चंद्रवंशी, सरपंच महेश चंद्रवंशी, अध्यक्ष शाला विकास समिति, बलराम चंद्रवंशी, नारायण चंद्रवंशी, भुनेश्वर चंद्रवंशी, विष्णु चंद्रवंशी, देवदास मानिकपुरी, प्रकाश डहरिया, गणेश चंद्रवंशी व ग्रामीण जन तथा माताएं-बहनें उपस्थित थें।

## अनदेखी: सड़कों पर बैठे मवेशी, हादसों का अंदेशा, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# मुख्य मार्ग व चौक चौराहों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा, आवागमन बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

नगर पंचायत पंडरिया के गांधी चौक से लेकर लोरमी मुख्य मार्ग पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा से यातायात प्रभावित तथा आवागमन बाधित होने से ग्रामीणों व राहगीरों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मुख्य चौंक चौराहों में सुबह से से लेकर देर रात तक मार्ग के विभिन्न गांव एवं शहरी क्षेत्र में सड़क पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा रहता है, जिसके कारण राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे है। शहर की मुख्य सड़कों तथा आम रास्तों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहने से वाहन चालकों सहित राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं लेकिन विभागीय अधिकारी व जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है और मवेशियों का जमावड़ा हटने का नाम नहीं ले रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि लोग अपने-अपने घरों में पशु धन के रूप में मवेशियों का पालन करते आ रहे हैं, मवेशियों को पशुधन के रूप में पूजा की जाती है और प्रतिवर्ष दिवाली के मौके पर पशुधन की पूजा-अर्चना के लिए गोवर्धन पूजा का आयोजन करते है। वहीं पशु मालिक अपने घरों में मवेशियों पालने को झमेला समझने लगे और धीरे-धीरे गांव में मवेशियों की संख्या घटने लगी और भारी संख्या में मुख्य मार्ग तथा चौंक चौराहों में आवारा मवेशियों का जमावड़ा आसानी से देखा जा सकता है।

### सड़क पर विचरण करते आवारा पशु





मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में चारागाह का अतिक्रमण कर मकान आदि बनाए जा रहे हैं जिसके कारण गांव के चारागाह लुप्त के कगार पर है और गांव के मवेशी बेसहारा होकर आश्रय के लिए इधर उधर भटकने मजबूर है। वहीं आवारा पशु मजबूरन मुख्य सड़क पर ही विचरण करते झुंड में देखा जा रहा है। जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। सड़क पर विचरण कर रहे इन मवेशियों के कारण आए दिन छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हो रही है इस ओर ना तो प्रशासन और ना ही कोई संगठन इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे ने केवल पशुधन की क्षति होगी बल्कि राहगीरों का भी जान-माल नुकसान हो रहा है।

### प्रभु महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर जैन समाज ने विविध कार्यक्रम आयोजित की



**हरिभूमि पंडरिया।** 24वें तीर्थंकर, सत्य अहिंसा के प्रवर्तक भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव-2025 पर पांच दिवसीय प्रभात फेरी के साथ जीव दया में लिए प्रतिदिन गौ-माता को रोटी-गुड की सेवा की गई। विशेष रूप से विश्व कल्याण शांति के लिए 9 अप्रैल को नवकार महामंत्र जाप आराधना का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे जैन समाज के वरिष्ठजन भिखमचंद जैन, पुखराज जैन के साथ जैन समाज के सभी व सर्व समाज के नवल किशोर पांडेय, वीरेन्द्र शर्मा, विजय जायसवाल, नवीन जायसवाल, मनीष शर्मा, पार्षद नारायण सोलंकी, अनुराग सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थें। सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिला मंडल एवं बच्चो द्वारा भगवान महावीर के जीवन को सजीव प्रस्तुति सराहनीय रहा, जिसमे विशेष रूप से श्रीमती मंजू जैन, श्रीमती गोल्डी लोढ़ा, श्रीमती ज्योति लोढा, श्रीमती आशु जैन, श्रीमती निक्की बंगानी, सुश्री नेहा बंगानी तथा अर्हम, विराट, परी बोथरा, परी लोढ़ा, अक्षत, युग, आदि, आरुष, शायरी, रुद्र, कीवी, गर्व, उर्विल, श्रृष्टि, काव्या, तान्या सभी ने शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसे समाज अध्यक्ष हरीश जैन ने अनुमोदना करते हुए बधाई दी। जन्म कल्याणक पर जैन समाज एवं भारतीय जैन संघटना के द्वारा रक्तदान शिविर वय वंदन योजना के तहत 21 वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनवाया गया, जिसमे 85 लोगो द्वारा रक्तदान शिविर में रक्तदान कर रिकॉर्ड बनाया गया। जिसमे विशेष रूप से एनएच नारायणा हॉस्पिटल स्टाफ के अलावा विशेष रूप से विवेक जैन रायपुर का सहयोग सराहनीय रहा। जैन समाज पंडरिया के अलावा भारतीय जैन संघटना अध्यक्ष प्रणय जैन, श्रेयांस जैन, शिबू जैन, अमित जैन, पीयूष जैन, महिला संघटना की सचिव श्रीमती मधु जैन का सहयोग सराहनीय रहा। जन्म कल्याणक महोत्सव दिवस पर सुबह से पूजा आराधना, प्रभातफेरी, जन्म कल्याणक पूजन के साथ श्री संघ के सभी महिला-पुरुष व बच्चो ने प्रभु परमात्मा का भव्य वरघोड़ा जुलूस महावीर के सिद्धांतों के नारो के साथ निकाला गया जो की नगर की प्रमुख मार्गो व चौंक चौराहों से होते हुए जैन मंदिर पहुंचा, जुलूस में समाज का अलावा अन्य समाज के लोगो द्वारा ठण्डा वितरण किया गया। इस वर्ष का जन्म कल्याणक महोत्सव सामाजिक सौहाद्रता के प्रतीक के रूप में देखा गया जिसने सभी समाज के लोगो ने जैन समाज को बधाई देकर भाईचारा का संदेश दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक तथा ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# कवर्धा एक ऐसा क्षेत्र है जहां हनुमान जी के अनेक कल्याणकारी प्रतिमाएं विराजित : आदित्य श्रीवास्तव

- शहर व अंचल में आज धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा













भक्ति और वैराग्य के आधारभूत स्तंभ पर टिकी सनातनी परंपरा में जब भी भक्ति की बात होती है तो अलग-अलग काल में हुए भक्तों के नाम याद किए जाते हैं। इन सभी भक्तों में सबसे ऊपर एक ऐसे भक्त का नाम आता है जिनका नाम हर युग में चिरकाल तक जीवंत रहेगा, ये ऐसे भक्त हैं जिनको अमरता का वरदान प्राप्त है और युगों युगों से धरती पर मौजूद हैं। प्रभू की सेवा करने के उनके निःस्वार्थ भाव ने उन्हें भक्त शिरोमणि की उपमा प्रदान की है और वह हैं श्री हनुमान जी महाराज की जीवनचर्या से हमें शिक्षा मिलती है कि व्यक्ति विश्वसनीय कैसे हो, सेवा भाव किस तरह हो, कर्मठ कैसे बने, नीतिज्ञ कैसा हो, साहस, पराक्रम, त्वरित निर्णय लेने वाला, वाक्पटु, प्रेरक नेतृत्वकर्ता, ज्ञानवान, नारी का सम्मान,अहंकार से दूर, वीरता, मैत्री और दूसरों के सम्मान का भाव किस तरह हो। एक बार राजा केसरी और माता अंजना ने भगवान शिव की कठिन तपस्या की, जब दोनों की तपस्या से भगवान प्रसन्न हो गए तो उन्होंने माता अंजना और केसरी से वरदान मांगने को कहा जिस पर माता अंजना ने कहा कि हे भोलेनाथ हमें एक ऐसे पुत्र का वरदान दीजिए जो बल में रुद्र, गति में वायु और बुद्धि में गणपति के समान तेजस्वी हो माता के वचनों से खुश होकर भगवान शिव ने माता को वरदान दिया और अपनी रौद्र शक्ति को पवन देव के रूप में यज्ञ कुण्ड में समाहित किया और उत्पन्न शक्ति को माता अंजना के गर्भ में स्थापित कर दिया। चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि दिन मंगलवार को भगवान रूद्र के 11वें अवतार के रूप में हनुमान जी महाराज का जन्म हुआ। हनुमान जी महाराज जन्म से ही बल, बुद्धि और विद्या में निपुण हैं। जिले में चिरंजीवी श्री हनुमान लला की अनेक अद्भुत और विभिन्न रूपों की मनोकामना मूर्तियां देखने को मिलती है। प्राचीन इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि हनुमान जी रूद्रअवतार हैं इसीलिए शिव मन्दिर एवं श्रीराम मन्दिर में हनुमान जी की मूर्ति प्रायः दृष्टव्य होती हैं।

**जिले में 11वीं सदी से 18वीं सदी तक की प्राचीन सिद्ध हनुमान जी की मूर्तियां स्थापित हैं।** सर्वप्रथम हम 11वी सदी की सिद्धपीठ भोरमदेव में मुख्य मन्दिर के दक्षिण में स्थापित 937 वर्ष प्राचीन हनुमान जी के विषय में ज्ञानवर्द्धन करते हैं। इस मूर्ति की विशेषता है कि इनके दाहिनी हथेली में शिवलिंग अंकित है जो प्रायःदुर्लभ है। हनुमान जी पैरों के नीचे कालनेमि को दबाए हुए हैं। यह उस समय का दृश्य है जब लंका युद्ध के समय शिवलिंग पूजन हेतु हनुमान जी को शिवलिंग लाने के लिए श्रीराम कैलाश भेजते हैं। जिसे लेकर हनुमान जी आते हैं। जब तक विलम्ब होने के कारण श्रीराम स्वयं रामेश्वर शिवलिंग बनाकर पूजन करते हैं तथा हनुमान जी द्वारा लाये गये शिवलिंग को समीप ही स्थापित कर यह घोषणा करते हैं कि इस शिवलिंग के दर्शन बिना श्री रामेश्वर दर्शन अपूर्ण होगा। इस मूर्ति को संकटमोचन तथा मनोकामना हनुमान जी मानते हैं, क्योंकि औघड़ दानी शिवलिंग उनके हाथों में तथा संकटमोचन हनुमान जी स्वयं अर्थात रूद्र और रुद्रावतार दोनों साथ हैं बुद्धिदाता गणेश जी इनके साथ हैं।

**देवांगन मोहल्ले में विराजित कवर्धा के सरकार श्री खेड़ापति हनुमान जी महाराज की यह प्रतिमा 11-12 वीं शताब्दी की अत्यंत मनोहारी प्रतिमा है** जिसके एक हाथ में गदा, दूसरे हाथ में जापमाला है। पैरों के नीचे कालनेमि दानव है। यह अपने किस्म की एकमात्र हनुमान प्रतिमा है जो प्रसन्न वदन है एवं जाप की मुद्रा में है। इनके दिन में अनेकों रूप परिवर्तित होते हैं। प्रातःकाल का बाल स्वरूप चिरस्मरणीय होता है। हनुमान जी के दांये भाग में श्री गणेश जी की प्रतिमा प्रतिष्ठित है। इस तरह यहां विद्या बुद्धि और बल का संयुक्त कोष है, जिसमे से भक्त चाहे जितना ग्रहण कर लें। यह मूर्ति संकरी नदी के तट पर कहीं दबी हुई थी। जब कवर्धा रियासत की स्थापना विधिवत हुई तो सन 1760 में महाराज महाबली सिंह को हनुमान जी का स्वप्न आया कि मै शंकरी नदी के तट पर हूँ मुझे ले जाकर स्थापित करो। इस तरह कवर्धा नरेश के द्वारा सम्मान पूर्वक विधि-विधान के साथ कवर्धा के अधिपति के रूप में वर्तमान स्थल पर स्थापित कराया गया कालान्तर में श्रीखेड़ा पति हनुमान जी के नाम से कवर्धा में विख्यात हुआ। जनता के सहयोग से आज भव्य एवं चित्ताकर्षक मन्दिर निर्मित हो चुका है। यहां हनुमान जी महाराज की अगहन शुक्ल त्रयोदशी के दिन विशेष पूजा की जाती है इस दिन ग्रन्थि पूजन करते हैं जिसमें पीले धागे में 13 गांठ बांधते हैं तथा संकट निवारण और मनोकामना सिद्धि के लिए पीले धागे से युक्त डोरे धारण करते हैं।

प्राचीन इतिहासकार श्री श्रीवास्तव ने बताया कि यहां का हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाता तथा शोभायात्रा निकाली जाती है। प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होती है। कवर्धा एक ऐसा क्षेत्र है जहां हनुमान जी की अनेकों कल्याणकारी प्रतिमाएं विराजित होकर भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण कर रही हैं। जो कि कवर्धा व पंडरिया अंचल में वैसे तो हर ग्राम का पवनसुत अपने आप में सिद्ध है फिर भी कामठी, पचराही, पंडरिया जमात मंदिर,डोंगरिया मेला स्थल, पुतकी चारभाठा, बोड़ला के राम मंदिर, कवर्धा पुराना मंडी, मठपारा कवर्धा का पंचमुखी हनुमान, बड़े मंदिर का बड़ा हनुमान जी भक्तों पर अपनी कृपा बरसा रहे हैं।

### निर्माण और विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय पर पूर्ण करने निर्देश

# विधायक ने नपा में विकास कार्यों की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शुक्रवार को जनपद पंचायत सभागार पंडरिया में विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और नगर में हो रहे विकास कार्यों और अधोसंरचना निर्माण को गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय में पूरा करने तथा जनता द्वारा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की और जनता को उसका लाभ समय पर दिलाने एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्य करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी को देखते हुए नगर में पर्याप्त जल आपूर्ति एवं बिजली आपूर्ति के प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों का भी जायजा लिया एवं जनता को बिजली व पानी को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसलिए व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त करने की बात अधिकारियों को कही है। विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पंडरिया विधानसभा में भी पांच वर्षों तक कांग्रेस के शासनकाल में जो विकास कार्य ठप्प पड़े थे वह अब तीव्र गति से हो रहें हैं। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है तो जनता की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार भी उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास से लेकर सौन्दर्यीकरण व प्रकाश व्यवस्था की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। ऐसे में जनता को इन सुविधाओं एवं विकास कार्यों का लाभ सुचारू एवं गुणवत्तापूर्ण मिल सके इसके लिए समय-समय पर कार्यों की समीक्षा करना एवं उनके सुचारू क्रियान्वयन हेतु एक जनप्रतिनिधि के रूप में उनका अवलोकन करना हमारी जिम्मेदारी बनती है।

### विकास को गति व व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा: भावना

उन्होंने बताया कि पंडरिया नगर को एक आदर्श नगर बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं, विगत 15 महीनों में पंडरिया नगर के लिए लगभग 24 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात डबल इंजन भाजपा सरकार के सुशासन में मिली है। वर्षों से नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग हरिनाला पुल निर्माण के लिए 76 लाख रुपए से अधिक की स्वीकृति मिली है और निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से नगर की लगभग 5000 महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की आर्थिक सहायता मिल रही है, लगभग 2400 लोगों को आवास मिले हैं, 5200 से अधिक राशन कार्ड वितरित किया गया है, लगभग 5300 लोगों को आयुष्मान योजना से 5 लाख रुपए तक निःशुल्क उपचार मिल रहा है। इन सभी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ जमीनी स्टार पर उनका सञ्चालन किया जा रहा है जिससे नगरवासियों को लाभ मिल रहा है। भावना बोहरा ने कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार के नेतृत्व में पंडरिया नगर को विकसित एवं समृद्ध बनाने के लिए लगातार अधोसंरचना निर्माण, सड़कों का निर्माण, सड़क, बिजली, पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। अधोसंरचना मद के तहत पंडरिया नगर में कुल 3 करोड़ 14 लाख रुपए से अधिक के कार्यों को स्वीकृति मिली है, बजट 2025-26 में 16 करोड़ 63 लाख रुपए के विकास कार्यों को मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान की है वहीं समग्र शिक्षा व विभिन्न मद के तहत भी करोड़ों के विकास कार्यों की स्वीकृत नगर पालिका पंडरिया को मिली है। जिससे पंडरिया के विकास को गति मिलेगी साथ ही यहां व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इन सभी विकास कार्यों की सौगात डबल इंजन भाजपा सरकार पंडरिया नगर की जनता द्वारा भाजपा के प्रति विश्वास से मिली है। हमारा लक्ष्य है कि पंडरिया को आने वाले समय में समृद्ध व एक विकसित नगर के रूप में विकसित करें जहां जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप सुविधाओं का विस्तार करेंगे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सांसद ने कार्यकर्ताओं व जनता की सुनी समस्याएं

**कवर्धा।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने सांसद कार्यालय कवर्धा में कार्यकर्ताओं व आम जनता की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फोन कर जनता की समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। सांसद संतोष पाण्डेय लगातार क्षेत्र का दौरा करते हैं। साथ ही अपने कार्यालय में आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू होकर निराकरण करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं व जनता से विभिन्न विषयों में चर्चा की। उनका हालचाल जाना।

### विपत्तिग्रस्त परिवार को मिली आर्थिक सहायता

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत एक विपत्तिग्रस्त परिवार को 04 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत बोड़ला तहसील के ग्राम गांगचुवा निवासी टिकतु बैगा की आग में जलने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त जगतुराम को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना यात्रा प्रारंभ

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत यात्राएं पुनः प्रारंभ किया गया है। योजना के तहत 10 अप्रैल से 10 मई 2025 तक प्रस्तावित तीर्थयात्रा कार्यक्रम समाज कल्याण विभाग से प्राप्त हुआ है। कबीरधाम जिले के लिए 244 तीर्थयात्री के लिए आबंटित किया गया है। सभी तीर्थयात्रियों को शिरडी, शनि सिंगनापुर और त्रयम्बकेश्वर ज्योर्तिलिंग का दर्शन काराया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी जनपद सीईओं और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को तीर्थयात्रा के लिए तीर्थयात्री चयन के निर्देश दिए है। जारी आदेश में बताया गया है कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत वरिष्ठ नागरिकों, विधवा एवं परित्यक्त महिलाओं को लाभ दिलाने के लिए सभी जनपद पंचायत, नगर पालिका और नगर पंचायतों में संलग्न निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप तीर्थयात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का चयन कर 25 प्रतिशत प्रतीक्षा है।

पेज 11 का शेष

### वाहन चालक के परिजन...

**नहीं लिखी गई एफआईआर :** आरोपी युवक लीलाधर साहू के परिजनों ने पुलिस के कहने पर कोतवाली थाना में लीलाधर साहू को सरेंडर करवाया है। वहीं उन्होंने इस मामले में व्यापारी के खिलाफ भी एफआईआर लिखानी चाही, लेकिन उनका कहना है कि पुलिस ने उनकी एफआईआर नहीं लिखी है।

**गिरफ्तारी की मांग :** आरोपी वाहन चालक के पिता मनोज कुमार ने कहा कि जिस तरह से थाना बुलाकर उनके पुत्र को गिरफ्तार किया गया है, उसी तरह से मारपीट करने वाले व्यापारी को भी पुलिस गिरफ्तार करे। उन्होंने कहा कि कानून सबके लिए है, जो गलत करेगा उसे सजा मिलनी चाहिए।

---

**समस्या: सिर मुड़ाते ही ओले पड़े, जैसी पंच और सरपंच की स्थिति**

# पंचायत सचिवों की हड़ताल से नव निर्वाचित पंचायतों का हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोड़ान

छत्तीसगढ़ में चल रही पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल और इस मामले को लेकर राज्य सरकार के उदासीन रवैये से जहां ये लड़ाई लंबी होती लग रही है, वहीं नवनिर्वाचित पंच, सरपंचों को अपनी स्थिति सिर मुड़ाते ही ओले पड़े जैसी समझ में आ रही है। गौरतलब है कि लगभग दो महीने पूर्व फरवरी में संपन्न हुए पंचायत चुनावों के बाद से ही भाजपा द्वारा अपने घोषणा पत्र में किए गए वादे के अनुसार प्रदेश के पंचायत सचिव अपने पद को शासकीय कर्मचारी घोषित करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से जहां ग्राम पंचायतों का सम्पूर्ण कामकाज ठप्प हो गया है वहीं हजारों लाखों खर्च करने के बाद भी बड़ी मशक्कत से निर्वाचित होने वाले पंच सरपंचों में अपने आपको ठलहा पाकर काफी मायूसी देखी जा रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि पंचायत चुनावों के बाद अभी अधिकांश पंचायतों में स्थिति अधर में लटकी हुई है। बताया जाता है कि कई नवनिर्वाचित सरपंचों को कार्यभार तक नहीं मिल पाया है। जिस सरपंच पद के लिए चुनावों में दिन रात एक करके पानी की तरह पैसा बहाया गया आज उसे पाकर भी बेकारी में समय काटना पड़ रहा है। संस्कृत में एक कहावत है प्रथम ग्रासे मक्षिता पातः अर्थात भोजन करने बैठे तो पहले ही कौर में मक्खी गिर जाए। पंचायत सचिवों की हड़ताल से कुछ ऐसे ही हालात नवनिर्वाचित सरपंचों के सामने दिखाई दे रहे हैं।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर क्या सरकार की मंशा?




सचिवों की हड़ताल को लेकर इन दिनों गांवो में खूब चर्चा चल रही है। एक ओर जहां नवनिर्वाचित पंच, सरपंच अपनी स्थिति का रोना रो रहे है वहीं राजनीति से जुड़े छुटभैये नेता और कार्यकर्ता भी अपनी-अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते दिखाई दे रहे हैं। आम चर्चा यह भी है कि आखिर, अपने घोषणा पत्र में किए गए वायदे को पूरा करने में सरकार क्यों हीला हवाला कर रही है? इस संबंध में विपक्ष की विचारधारा वाले एक ग्रामीण नेता ने तेनाली राम के स्टाइल में जो कारण बताया वह गौर करने लायक है। उक्त नेता का कहना है कि दरअसल छत्तीसगढ़ सरकार फिलहाल पंचायत सचिवों की हड़ताल को खुद ही लंबा खींचना चाहती है।

### प्रदेश सरकार पर पहले ही भारीभरकम आर्थिक बोझ

सरकार के पास नए निर्माण और विकास कार्यों के लिए फंड की कमी है। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद विष्णुदेव सरकार के बैठते ही प्रधानमंत्री आवास, धान बोनस और महतारी वंदन जैसी योजनाओं के भुगतान में ही सारा पैसा खत्म हो गया है। और अब चूंकि पूरे प्रदेश से पंचायत चुनावों में बेशुमार खर्च करने के अलावा लोगों को विकास कार्यों की बड़ी-बड़ी बातें करके चुनाव जीतने वाले पंच, सरपंचों की ओर से कार्यभार सम्हालने के बाद नए-नए निर्माण और विकास कार्यों की मांगो को लेकर बाढ़ आ सकती है। जिन्हें पूरा कर पाना सरकार के लिए आर्थिक दृष्टि से मुश्किल होगा। ऐसी स्थिति में सरकार किसी तरह मई महीने के अंत तक अगर नए निर्माण और विकास कार्यों के खर्चों को टालने में सफल हो गई तो जून से लेकर अक्टूबर तक बरसात के नाम पर वैसे ही ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी से संबंधित बड़े कार्यों पर रोक रहती ही है। उक्त नेता का मानना है कि इस तरह सरकार को अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए चार छह महीनों का समय मिल जाएगा और संभवतः यही कारण हो सकता है कि राज्य सरकार जान बूझकर फिलहाल पंचायत सचिवों के ढोल नगाड़े को अनसुना कर रहा है।

---

# सड़क हादसे में दूसरे दिन भी दो की मौत

- कवर्धा में ट्रैक्टर की चपेट में आई बच्ची की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले की सड़कों में लगातार दूसरे दिन भी रफ्तार का कहर देखने को मिला। बीते गुरूवार को जहां जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई तीन सड़क दुर्घटनाओं को दो लोगों की मौत हुई थी और पांच लोग घायल हुए थे वहीं शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में एक ग्रामीण युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि मोटर सायकल सवार ग्रामीण युवक को तेज रफ्तार हाइवा वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना की जानकारी के बाद क्षेत्रीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक का शव बरामद कर लिया है वहीं आरोपी चवाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम भूपेश चन्द्रवंशी निवासी ग्राम आंछि अपनी पत्नी को लेने गंडई कला गया था। वापस लौटने के दौरान बंजारी चौंक के पास एक तेज रफ्तार हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 09 जेआर 5001 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर सायकल सवार को अपनी चपेट में ले लिया और उसे रौंद दिया। प्रत्यक्षदर्शियों की मांने तो हादसे के दौरान मोटर सायकल सवार और उसकी मोटर सायकल हाइवा वाहन में फंस गई और वह काफी दूर तक घसिटता चला गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी घायल हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है वहीं घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं एक दूसरी सड़क दुर्घटना में देर शाम सिटी कोतवाली के रायपुर बाईपास मोड़ में ईंट से भरी ट्रैक्टर ने बाईक सवार पति-पत्नी और उनकी डेढ़ वर्षीय मासूम बच्ची को टक्कर मार दी। हादसे में मासूम बच्चे की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच व कार्यवाही कर रही है।

---

# स्वच्छ, सुंदर व विकसित कवर्धा बनाने का संकल्प

## कलेक्टर व नपाध्यक्ष के साथ व्यापारियों की बैठक




- कवर्धा नगर पालिका में आयोजित की गई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मंशानुरूप कवर्धा शहर को स्वच्छ, सुंदर व विकसित कवर्धा बनाने की परिकल्पना को साकार करने की सोंच को लेकर आज नगर पालिका सभाकक्ष मे कलेक्टर गोपाल वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व व्यापारीगणों की उपस्थिति में सुझाव बैठक का आयोजन किया।

बैठक में व्यापारियों को कलेक्टर व नगर पालिका अध्यक्ष ने संबोधित कर शहर विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सुझाव मांगा। एक एक करके सभी व्यापारियों ने आवश्यक सुझाव दिया तथा शहर विकास में होने वाले परेशानियों के बारे मे भी बताया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवशी ने व्यापारियों का तिलक चंदन लगाकर व पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। उन्होनें स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी हमारे अतिथि है हमारा निवेदन स्वीकार कर कार्यालय पहुंचने पर धन्यवाद भी ज्ञापित किया। बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, व्यापारीगण आकाश आहूजा, अतुल देशलहरा, कमल आहूजा, राजेन्द्र सांखला, दिनेश जैन, विकास सेठिया, मनोज ठाकुर, अजय लुनिया एवं अधिक संख्या में व्यापारीगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने कहा सबको मिलकर शहर संवारना है

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ शहर, सुंदर शहर बनाने की परिकल्पना को बरकरार रखना है शहर हमारा है लेकिन हम सबको मिलकर संवारना है हमारा काम आपका पूर्ण सहयोग करना है उन्होनें कहा कि चौक-चौराहों का विकास किया जा रहा है शहर प्रमुख मार्गो की नालियों का भी साफ-सफाई पर जोर दिया जाना है। जिसके लिए आप सभी की सहयोग की आवश्यकता है । कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि कोई भी सफाई कर्मचारी सडक का कचरा नाली में नही डालेगें, अगर डालते पाये जाते है तो अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करें। कलेक्टर ने सभी से अपील की कि वे स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाएं और अपने स्तर पर योगदान दें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा कि शहर में मूलभूत सुविधाएं बेहतर हों और नागरिकों को एक स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण मिले।

### नपाध्यक्ष ने कहा-व्यापारियों का सुझाव, विकास की दिशा में अहम योगदान

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि आप सभी के द्वारा शहर संवारने हेतु बैठक में व्यापारियों द्वारा दिये गये सुझाव अत्यंत महत्तवपूर्ण है आप सभी का सुझाव हमारे विकास की दिशा में अहम योगदान रहेगा। आपके सभी बातों को नोट किया जाकर उस पर अमल किया जायेगा। साथ ही शहर विकास के लिए सभी से सहयोग मांगा। उन्होनें कहा कि नालियों पर कचरा ना डाले तथा नालियों के उपर बने चबुतरा को हटाये जाने को कहा। ताकि नालियों का साफ-सफाई सही समय पर सही ढंग से हो सके।

---

# जिला मुख्यालय में फिर मिला मानव भ्रूण

- आज तक नहीं पकड़े गए ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



मां की ममता और मानवता, दोनों को शर्मसार करने वाली एक घटना ने शुक्रवार की सुबह जिला मुख्यालय कवर्धा में सनसनी फैला दी। यहां सिटी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत नगर के मिनी माता चौक के पास एक मानव भ्रूण का शव मिला है।

लोगों की नजर इस मृत भ्रूण पर पड़ते ही उन्होने इसकी जानकारी तत्काल डॉयल 112 को दी। सूचना पाकर डॉयल 112 और कवर्धा पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और उसने भ्रूण को वरामद कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि प्रारंभिक पूछताछ यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मृत मानव भ्रूण यहां कैसे आया और किसने फेंका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा नगर के मिनीमाता चौक क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह करीब 7.00 बजे उस समय सनसनी फैल गई जब आसपास के लोगों ने मिनीमाता चौक से होकर जाने वाले ग्राम घुघरी मार्ग के किनारे एक कपड़े में लिपटा मानव भ्रूण का शव पड़ा देखा। भ्रूण पर नजर पड़ते ही लोगों ने इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृत भ्रूण को जप्त कर लिया और आसपास के लोगों से इसके संबंध में पूछताछ भी की लेकिन फिलहाल इस संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

पुलिस के मुताबिक भ्रूण करीब 7 माह का है। जिसे फिलहाल जिला चिकित्सालय भिजवा दिया गया है वहीं आगे की कार्यवाही की जा रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिला मुख्यालय कवर्धा में इस तरह कभी मानव भ्रूण नालियों में, कभी झाड़ियों में तो कभी सड़क किनारे पड़े मिलना कोई नई बात नहीं है। इससे पूर्व भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं।

लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि ऐसे मामलों में आज तक पुलिस प्रशासन यह पता नहीं लगा पाया है कि ऐसी वारदातों को कौन अंजाम दे रहा है। ऐसे में लोगों ने भी मानवता को शर्मसार करने वाली इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वालों की पतासाजी कर उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग पुलिस प्रशासन से की है।

---

# जिले में मनाया जा रहा है पोषण पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राज्य में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, सुपोषण और कुपोषण उन्मूलन के उद्देश्य से 8 से 22 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाड़ा का व्यापक रूप से आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी विभाग प्रमुखों को महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय करते हुए इस अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है। पोषण पखवाड़ा की शुरुआत 8 अप्रैल को साइकिल और बाइक रैली तथा पोषण रथ के माध्यम से की गई, जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को कुपोषण से मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जनसमुदाय की भागीदारी से विभिन्न तिथियों पर खास गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान जीवन के पहले 1000 सुनहरे दिनों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिसमें गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को पोषण, स्तनपान और पूरक आहार की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से माताओं की स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था भी की गई है। पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत बच्चों में कुपोषण प्रबंधन, मोटापे की रोकथाम, संतुलित आहार की महत्ता, जंक फूड के दुष्प्रभाव और स्वच्छता के महत्व पर भी जागरूकता फैलाई जा रही है।

---

# शिक्षक एलबी संवर्ग को मिले पूर्व सेवा अवधि का लाभः रमेश चन्द्रवंशी



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने सुशासन तिहार के अवसर पर शिक्षकों की पूर्व सेवा गणना संबंधी एक महत्वपूर्ण मांग रखा है। उन्होंने जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित ग्राम छिरहा के पंचायत भवन में छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार के तहत ग्राम पंचायत के प्रभारी अधिकारी संजू वर्मा एवं आवेदन लेने हेतु अधिकृत कर्मचारी ग्राम रोजगार सहायक मधु पटेल को मांगपत्र सौंपकर शिक्षक एलबी संवर्ग के पूर्व सेवा की गणना कर क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान और पुरानी पेंशन का लाभ देने की मांग रखा है। जिलाध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि शिक्षक एल.बी. संवर्ग ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी पूर्व सेवा को अनदेखा करना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि शिक्षकों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए और उन्हें उनका हक प्रदान किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि क्रमोन्नति और समयमान वेतनमान मिलने से शिक्षकों का मनोबल बढ़ेगा, जिससे वे और अधिक उत्साह के साथ शिक्षण कार्य कर सकेंगे। इसके साथ ही पुरानी पेंशन प्रदान करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन से पहले की पंचायत विभाग के सेवा अवधि का गणना किए जाने से शिक्षकों को भविष्य में आर्थिक सुरक्षा मिलेगा। ग्राम छिरहा में शिक्षकों, एसएमडीसी अध्यक्ष और अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में यह आवेदन प्रस्तुत किया गया। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन लंबे समय से शिक्षक एल.बी. संवर्ग के लिए इन मांगों को उठाता रहा है और सुशासन तिहार के मंच का उपयोग कर जिलाध्यक्ष ने एक बार फिर इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। अब देखना यह है कि सरकार इस मांग पर क्या रुख अपनाता है।

---

**परेड की सलामी लेकर उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों को किया पुरस्कृत**

# पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार ने किया वार्षिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज, दीपक कुमार झा दो दिवसीय दौरे पर कबीरधाम जिले में प्रवास पर हैं। अपने प्रवास के दौरान उन्होने जहां 10 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कबीरधाम एवं उप पुलिस अधीक्षक अजाक कार्यालय/थाना सहसपुर लोहारा का वार्षिक निरीक्षण किया। वहीं दौरे के दूसरे दिन 11 अप्रैल को प्रातः 08.00 बजे न्यू पुलिस लाइन कवर्धा स्थित रक्षित केन्द्र में निरीक्षण परेड का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस महानिरीक्षक श्री झा द्वारा परेड की सलामी ली गई। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह एवं सेकेंड कमांडर उप निरीक्षक अजयकांत तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों के टर्नआउट एवं अनुशासन का सूक्ष्म निरीक्षण किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों को मौके पर ही पुरस्कृत किया। निरीक्षण उपरांत श्री झा ने वाहन शाखा सहित शस्त्रागार, स्टोर शाखा, रीडर शाखा, एमटी शाखा, मोहर्रिर कक्ष का बारीकी से अवलोकन किया। तत्पश्चात पुलिस लाइन स्थित सभागार में जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में दरबार का आयोजन हुआ। दरबार में अपने उद्बोधन के दौरान उन्होंने कहा कि कबीरधाम जिले में सभी शाखाओं का रखरखाव अनुकरणीय है। जहां अन्य स्थानों पर निरीक्षण में कई प्रकार की कमियां प्रकट होती हैं, वहीं कबीरधाम में व्यवस्थाएं संतोषजनक एवं सराहनीय पाई गईं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकगण पुष्पेंद्र बघेल, पंकज पटेल, डीएसपी, संजय ध्रुव, एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक, एसडीओपी लोहारा प्रतीक चतुर्वेदी, एसडीओपी पंडरिया भूपत सिंह धनेश्रि, एसडीओपी कवर्धा, कृष्ण कुमार चंद्राकर, प्रशिक्षु डीएसपी सिद्धार्थ सिंह सहित कबीरधाम जिले के समस्त पुलिस अधिकारी व बड़ी संख्या में जवान उपस्थित थे।

---

# मोटर सायकिल चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रणवीरपुर



प्रार्थी की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए रणवीरपुर पुलिस ने दो मोटर सायकल चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आए आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 59/24 अंतर्गत धारा 303(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत कार्यवाही कर चोरी की मोटर सायकल जप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी पुरन साहू ने गत 5 अप्रैल को अपनी पल्सर मोटर साइकिल क्रमांक सीजी09-जेएच 4295 के चोरी होने की रिपोर्ट रणवीरपुर थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था। विवेचना के दौरान तकनीकी विश्लेषण, गवाहों के बयान एवं सतत पतासाजी के आधार पर पुलिस ने दो संदेहियों को हिरासत में लिया, जिनकी पहचान जागेश्वर सोरी और टिंकल मण्डावी के रूप में की गई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई बाइक बरामद कर ली गई। इस कार्रवाई को थाना प्रभारी लोहारा निरीक्षक लालमन साव एवं चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सिकंदर कुर्रे के नेतृत्व में एएसआई छुनकू राम नेताम, एएसआई योद्धा देशमुख, प्रधान आरक्षक इंद्र कुमार साहू एवं आरक्षक विनोद मरकाम की टीम ने अंजाम दिया। आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।